राष्ट्रीय महिला आयोग

25 अप्रैल 2024 को आयोजित आयोग की

237वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थित:

1.	सुश्री रेखा शर्मा	-	अध्यक्ष
2.	सुश्री डेलिना खोंदुप	-	सदस्य
4.	सुश्री ममता कुमारी	-	सदस्य
5.	सुश्री मीनाक्षी नेगी	-	सदस्य सचिव

अन्य उपस्थित:

1.	श्री ए. अशोली चलाई	-	संयुक्त सचिव
2.	डॉ. शिवानी दे	-	उप-सचिव
3.	श्री राजेश सिंह बिष्ट	-	वेतन एवं लेखा अधिकारी
4.	श्री आशुतोष पांडे	-	अवर सचिव (सा.प्र.)
5.	सुश्री शालिनी रस्तोगी	-	अवर सचिव (स्था.)
6.	श्री मनमोहन वर्मा	-	विधि अधिकारी
7.	सुश्री कंचन खट्टर	-	वरिष्ठ समन्वयक
8.	सुश्री एम. लीलाबती	-	वरिष्ठ समन्वयक
9.	सुश्री देबलीना बनर्जी	-	परामर्शदाता
10.	सुश्री टुनिका उपाध्याय	-	परामर्शदाता
10.	सुश्री सुरुचि पुंज	-	अध्यक्ष की निजी सहायक
11.	श्री अतुल सिन्हा	-	वरिष्ठ प्रोग्रामर
12.	श्री राजेश कपूर	-	वरिष्ठ सलाहकार

प्रारंभ में, सदस्य सचिव ने आयोग की 237वीं बैठक में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों और पदाधिकारियों का स्वागत किया।

बैठक के दौरान प्रत्येक कार्यसूची मद पर निम्नलिखित निर्णय लिये गये:-

1. **कार्यसूची मद सं.- 237/I/1**
   विषय: 22 मार्च, 2024 को आयोजित आयोग की 236वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

   22 मार्च 2024 को आयोजित आयोग की 236वीं बैठक के कार्यवृत्त की आयोग द्वारा पुष्टि की गई।

2. **कार्यसूची मद सं.- 237/I/2**

विषयः कार्रवाई रिपोर्ट

22 मार्च 2024 को आयोजित आयोग की 236वीं बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट पर आयोग द्वारा संज्ञान लिया गया।

3. **कार्यसूची मद सं.- 237/I/3**

विषय: राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) श्रीनगर के सहयोग से 'महिला सशक्तिकरण – स्वयं सहायता समूहों के लिए क्षमता विकास' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और कश्मीर के शिल्प क्षेत्र में काम करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिला नेताओं के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुमानित बजट रुपये 7,21,356/- + कर (रूपये सात लाख इक्कीस हजार तीन सौ छप्पन मात्र + कर) के साथ मंजूरी दी।

4. **कार्यसूची मद सं.- 237/I/4**

विषय: जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम "उदय और नेतृत्व: युवा महिलाएं प्रौद्योगिकी, व्यवसाय और सार्वजनिक जीवन में अग्रणी"

आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और जागरूकता एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम "उदय और नेतृत्व: युवा महिलाएं प्रौद्योगिकी, व्यवसाय और सार्वजनिक जीवन में अग्रणी" संचालन के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अनुमानित व्यय रुपये 60,00,000/- (रूपये साठ लाख मात्र) के साथ मंजूरी दी।

आयोग ने कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रा.म.आ अधिकारियों के यात्रा भत्ते के रूप में किए जाने वाले अतिरिक्त व्यय को भी मंजूरी दी।

5. **कार्यसूची मद सं.- 237/II/1**

विषय: वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विस्तृत शीर्षवार बजट आबंटन, वर्ष 2023-24 के लिए प्राप्त कुल अनुदान, वर्ष 2023-24 के लिए किया गया व्यय और 31.03.2024 तक उपलब्ध अव्ययित शेष राशि

आयोग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विस्तृत शीर्षकवार बजट आबंटन, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्राप्त कुल अनुदान, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए किए गए व्यय और 31.03.2024 तक उपलब्ध अव्ययित शेष राशि का संज्ञान लिया।

6. कार्यसूची मद सं.- 237/II/2

विषय: मासिक रिपोर्ट- मार्च 2024: शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ

आयोग ने कार्यसूची मद में दिए गए विवरण के अनुसार शिकायत और जांच प्रकोष्ठ के संबंध में मासिक रिपोर्ट (मार्च 2024) का संज्ञान लिया।

7. कार्यसूची मद सं.- 237/II/3

विषय: जांच रिपोर्ट- पंजाब के तरन तारन जिले के वल्टोहा गांव में 55 वर्षीय महिला के साथ मारपीट की गई और उसे अर्धनग्न कर घुमाया गया।

आयोग ने जांच रिपोर्ट का संज्ञान लिया और रिपोर्ट में उल्लिखित सिफारिशों को प्रधान मंत्री कार्यालय, गृह मंत्रालय, पंजाब के मुख्य सचिव और पंजाब के पुलिस महानिदेशक को भेजने की मंजूरी दी।

8. कार्यसूची मद सं.- 237/टी/1

विषय: रा.म.आ में अतिथि कक्ष के लिए 43 इंच के 01 स्मार्ट टीवी और शिकायत एवं जाँच प्रकोष्ठ के लिए 75 इंच के 01 स्मार्ट टीवी की खरीद

आयोग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया और GeM के माध्यम से 43 इंच के 01 स्मार्ट टीवी और 75 इंच के 01 स्मार्ट टीवी की खरीद के लिए रूपये 2,58,291/- (रूपये दो लाख अट्ठावन हजार दो सौ इक्यानवे मात्र) की राशि की कार्योत्तर मंजूरी दी।

निर्णय लिया गया कि आयोग की अगली बैठक 28 मई 2024 को प्रातः 11.00 बजे होगी।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह०

मीनाक्षी नेगी
सदस्य सचिव

ह०

रेखा शर्मा
अध्यक्ष